कुलानुशासक कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय
(ACCREDITED A++ BY NAAC)

दिनांक 13.02.2024

## आवश्यक सूचना/प्रेस-विज्ञप्ति

अवगत कराना है कि दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 17.02.2024 तक विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में **अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024** का आयोजन किया गया है।

अतएव दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 17.02.2024 तक उक्त कार्यक्रम को दृष्टिगत लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने तथा वाहनों को निर्धारित स्थल पर खड़ा करने की दृष्टि से निम्नलिखित व्यवस्था की जाती है :-

01. लखनऊ विश्वविद्यालय के समस्त सम्मानित शिक्षको/अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि वे अपने वाहन द्वार संख्या 04 एवं 07 पर स्थित वाहन स्टैण्ड पर खड़ा करने के उपरान्त परिसर में प्रवेश करने का कष्ट करें ।
02. दिनांक 15, 16 एवं 17 फरवरी 2024 को इस कार्यालय द्वारा निर्गत वाहन पास स्थगित रहेगा ।
03. इस कार्यक्रम में आने वाले माननीय अतिथियों को द्वार संख्या 02 से प्रवेश दिया जायेगा। माननीय अतिथिगण द्वार संख्या 02 से प्रवेश कर परिसर के अन्दर आयेगें और अपना वाहन लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद स्थित वाहन स्टैण्ड पर खड़ा करेगें ।
04. प्रशासनिक भवन स्थित कार्यालय के कर्मचारी भाऊराव देवरस द्वार से प्रवेश कर अपना वाहन प्रशासनिक भवन के सम्मुख स्थित वाहन स्टैण्ड पर खड़ा करेगें।
05. द्वार संख्या 02 से कर्मचारियों का प्रवेश दिनांक 15.02.2024 को प्रातः 11.00 बजे तक ही रहेगा। दिनांक 16 एवं 17 फरवरी 2024 को द्वार संख्या 02 से कर्मचारियों का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।
06. दिनांक 15, 16 एवं 17 फरवरी 2024 को कर्मचारीगण भाऊराव देवरस द्वार से जाने हेतु प्रयोग करेंगे।
07. विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं से अपील है कि वे दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 17.02.2024 तक अपना वाहन द्वार संख्या 02 पर स्थित वाहन स्टैण्ड पर न खड़ा करें।
08. दिनांक 15 से 17 फरवरी 2024 तक एकेडमिक ब्लॉक (HRDC सेन्टर) में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्याँकन हेतु आने वाले सम्मानित शिक्षकों से अनुरोध है कि वे उक्त तिथियों में अपना वाहन परीक्षा विभाग भवन के वाहन पार्किंग स्थल पर खड़ा करने का कष्ट करें। सुरक्षात्मक/आवागमन की दृष्टि से एकेडिमक ब्लॉक (HRDC सेन्टर) के सम्मुख वाहन खड़ा करना प्रतिबन्धित रहेगा।
09. उक्त तिथियों में अवैध विद्यार्थियों/व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया निषेध रहेगा। बिना किसी उपयुक्त कारण के परिसर में घूमने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समुचित कार्यवाही की जायेगी ।
10. छात्र-छात्राए विश्वविद्यालय परिसर में अपने साथ अपना परिचय-पत्र/छात्रत्व की पुष्टि हेतु अभिलेख अवश्य लायें।
11. नार्थ गेट (मछली द्वार) सभी के लिये बन्द रहेगा । इस द्वार से न तो किसी का आगमन होगा और न ही प्रस्थान ।
12. उक्त तिथियों को परिसर में आग्नेयास्त्रों (वैधानिक एवं अवैधानिक) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त व्यवस्था का अनुश्रवण कर विश्वविद्यालय प्रशासन का यथेष्ठ सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें ।

Incharge-Website
University of Lucknow
Lucknow - 226007

(प्रो0 राकेश द्विवेदी)
कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय

संख्या : 378-400 दिनांक 13.02.2024

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :-**

1. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
2. माननीय प्रति कुलपति महोदय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. समस्त संकायाध्यक्षों को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपने संकाय के समस्त विभागाध्यक्षों को उक्त आशय की सूचना प्रसारित करने का कष्ट करें ।
5. मुख्य अभिरक्षक, लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रावास, लखनऊ ।
6. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद्, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
7. निदेशक, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर, लखनऊ ।
8. निदेशक, समस्त संस्थान / समस्त पुस्तकालयाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
9. अपर कुलानुशासक, लखनऊ विश्वविद्यालय, द्वितीय परिसर, लखनऊ ।
10. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
11. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
12. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त समाचार-पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
13. इंचार्ज वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

**प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को भी प्रेषित :-**

1. जिलाधिकारी, लखनऊ ।
2. अपर जिलाधिकारी (नगर-टी0जी0) लखनऊ ।
3. अपर नगर मैजिस्ट्रेट, (पंचम / षष्ट्म), लखनऊ ।
4. आयुक्त, लखनऊ ।
5. पुलिस उप आयुक्त (मध्य), लखनऊ ।
6. अपर पुलिस उप आयुक्त (मध्य) लखनऊ ।
7. सहायक पुलिस आयुक्त, महानगर / अलीगंज, लखनऊ ।
8. प्रभारी निरीक्षक, हसनगंज / जानकीपुरम लखनऊ ।
9. प्रभारी, पुलिस चौकी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

(प्रो0 राकेश द्विवेदी)
कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

for website & email
14/02/2024

Incharge-Website
University of Lucknow
Lucknow - 226007